केन्द्रीय विद्यालय संगठन

**केन्द्रीय विद्यालय संगठन (मुख्या०)**
शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के अधीन स्वायत्त संस्थान
18 संस्थागत क्षेत्र, शहीद जीत सिंह मार्ग, नई दिल्ली-110016
**KENDRIYA VIDYALAYA SANGATHAN (HQs)**
An Autonomous Body under Ministry of Education, Govt. of India
18, Institutional Area, S.J.S Marg, New Delhi-110016
Tel.: 011-26521841
Website: www.kvsangathan.nic.in

दिनांक : 20.03.2024

फा .: 11-ACTR0Ltr/3/2023-AC(TRG)

उपायुक्त /निदेशक
केंद्रीय विद्यालय संगठन
समस्त क्षेत्रीय कार्यालय/ आंचलिक प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान

**विषय: नवनियुक्त शिक्षकों हेतु प्रवेशन पाठ्यक्रम (सीधी भर्ती और सीमित विभागीय परीक्षा दोनों) – विषयक**

महोदया/महोदय,

केविसं ने हाल ही में भर्ती अभियान के अंतर्गत सभी संवर्गों के पदों की व्यापक स्तर पर भर्ती की है। सत्र 2023-24 में, केविसं में 10413 शिक्षक सीधी भर्ती के माध्यम से भर्ती हुए हैं तथा 25 क्षेत्रीय कार्यालयों से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर 1799 शिक्षकों को सीमित विभागीय परीक्षा द्वारा पदोन्नत किया गया है। सीधी भर्ती के माध्यम से भर्ती हुए शिक्षकों को केविसं की संस्कृति से परिचित कराने और सीमित विभागीय परीक्षा के माध्यम से भर्ती होने वाले शिक्षकों की क्षमता का निर्माण करने के लिए 220 प्रवेशन पाठ्यक्रमों की योजना तैयार की गई है।

सीधी भर्ती के माध्यम से भर्ती किए गए शिक्षकों का प्रशिक्षण पदोन्नत होने वाले शिक्षकों के प्रशिक्षण से भिन्न प्रकार का होता है, उनके प्रवेशन पाठ्यक्रमों की योजना दो अलग-अलग बैचों में योजनाबद्ध की गई है।

आवंटित पाठ्यक्रमों की संख्या का संभाग -वार/ आंचलिक प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान वार विवरण निम्नलिखित है।

| | | प्राथमिक शिक्षकों के पाठ्यक्रम | स्नातकोत्तर शिक्षक सीधी भर्ती | स्नातकोत्तर शिक्षक अभियान सीमित विभागीय परीक्षा | प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक सीधी भर्ती | प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक अभियान सीमित विभागीय परीक्षा | विविध सीधी भर्ती | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आगरा | 2 | 2 (जीवविज्ञान, गणित) | | 2 (अंग्रेजी, गणित) | | 1 (कला ) | 7 |
| 2 | अहमदाबाद | 2 | 1 (गणित) | | 1 (हिंदी ) | 1 (विज्ञान ) | 3 (कला, शा एवं स्वा शिक्षा , पुस्तकालयाध्यक्ष ) | 8 |
| 3 | बेंगलूरू | 7 | 1 (गणित) | | 2 (हिंदी , विज्ञान) | | | 10 |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | भोपाल | 6 | 1 (भौतिकी ) | | 1 (अंग्रेजी) | | | 8 |
| 5 | भुवनेश्वर | 6 | 1 (अंग्रेजी) | | 3 (हिंदी, गणित, सा अध्ययन) | | | 10 |
| 6 | चंडीगढ़ | 3 | 1 (भौतिकी) | | | 1 (अंग्रेजी) | 2 (कला, कार्यानुभव ) | 7 |
| 7 | चेन्नै | 8 | 1 (सी.एस) | | 1 (हिंदी) | | | 10 |
| 8 | देहरादून | 2 | 1 ( इतिहास) | | 1 (संस्कृत) | 1 (विज्ञान) | 2 (कार्यानुभव, पुस्तकालयाध्यक्ष) | 7 |
| 9 | दिल्ली | 1 | 2 (हिंदी ,भूगोल) | 1 (अर्थशास्त्र ) | 1 (टीजीटी , सा. अध्ययन)) | 2 (सा. अध्ययन), गणित) | 1 (पुस्तकालयाध्यक्ष)) | 8 |

| | | प्राथमिक शिक्षकों के पाठ्यक्रम | स्नातकोत्तर शिक्षक सीधी भर्ती | स्नातकोत्तर शिक्षक अभियान सीमित विभागीय परीक्षा | प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक सीधी भर्ती | प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक अभियान सीमित विभागीय परीक्षा | विविध सीधी भर्ती | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 10 | एर्णाकुलम | 7 | 1 (रसायन विज्ञान) | | 1 (अंग्रेजी) | | | 9 |
| 11 | गुरुग्राम | 2 | 1 (वाणिज्य) | | 1 (सा। अध्ययन)) | 2 (गणित, संस्कृत) | 2 (कार्यानुभव, पुस्तकालयाध्यक्ष) | 8 |
| 12 | गुवाहाटी | 3 | 1 (अर्थशास्त्र) | | 2 ((विज्ञान,संस्कृत ) | 1 (गणित) | 1 (कार्यानुभव) | 8 |
| 13 | हैदराबाद | 10 | | | | | | 10 |
| 14 | जबलपुर | 6 | 1 (अंग्रेजी) | | 1 (सा. अध्ययन) | | | 8 |
| 15 | जयपुर | 4 | 1 (हिंदी) | | 1 (संस्कृत ) | 1 (हिंदी) | | 7 |
| 16 | जम्मू | 3 | | | 1 (संस्कृत) | 2 (अंग्रेजी, (विज्ञान) | 1 पुस्तकालयाध्यक्ष) | 7 |
| 17 | लखनऊ | 4 | 1 (अर्थशास्त्र) | | 1 (अंग्रेजी) | 1 (गणित) | | 7 |
| 18 | कोलकाता | 8 | | | 2 (हिंदी गणित) | | | 10 |
| 19 | मुंबई | 7 | 1 अंग्रेजी) | | 1 (गणित) | | | 9 |
| 20 | पटना | 5 | 1 (बायो+ बायोटेक ) | | 1 (विज्ञान) | 1 (सा. अध्ययन)t) | | 8 |
| 21 | रायपुर | 4 | 1 (रसायन विज्ञान ) | | 2 (गणित, सा. अध्ययन)) | 1 (हिंदी) | | 8 |
| 22 | रांची | 4 | 1 (हिंदी) | | 2 (अंग्रेजी, विज्ञान) | | | 7 |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 23 | सिलचर | 2 | | | 1 (अंग्रेजी) | 1 (अंग्रेजी)) | 1 (कला ) | 5 |
| 24 | तिनसुकिया | 4 | 1 (रसायन विज्ञान) | | | 1 (सा। अध्ययन)) | 1 (पुस्तकालयाध्यक्ष) | 7 |
| 25 | वाराणसी | 3 | 1 (सीएस ) | | 1 (हिंदी) | 1 (हिंदी) | 1 (शा एवं स्वा शिक्षा) | 7 |
| 26 | जीट, भुवनेश्वर | | | 3 (जीवविज्ञान, गणित, हिंदी) | | | 1 (शा एवं स्वा शिक्षा) | 4 |
| 27 | जीट, चंडीगढ़ | | | 3 (इतिहास, हिंदी, गणित) | | | 1 (शा एवं स्वा शिक्षा) | 4 |
| 28 | जीट, ग्वालियर | | | 3 (जीवविज्ञान, भूगोल , हिंदी) | | | 1 (शा एवं स्वा शिक्षा) | 4 |
| 29 | जीट, मुंबई | | | 3 (रसायन विज्ञान, अंग्रेजी,भौतिकी ) | | | 1 ( शा एवं स्वा शिक्षा) | 4 |
| 30 | जीट,मैसुरु | | | 3 (अंग्रेजी ,गणित, रसायन विज्ञान) | | | 1 (शा एवं स्वा शिक्षा) | 4 |
| | कुल | **113** | **23** | **16** | **30** | **17** | **21** | **220** |

प्राथमिक शिक्षकों के सभी प्रवेशन पाठ्यक्रम संबंधित क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा संचालित किए जाएंगे।

क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा संचालित किए जाने वाले ऐसे पाठ्यक्रमों की संख्या उपरोक्त तालिका में उल्लिखित की गई है।

प्रशिक्षित स्नातक शिक्षकों और स्नातकोत्तर शिक्षकों का स्थल -वार विवरण संलग्न है।

पाठ्यक्रम डिज़ाइन:

प्राथमिक शिक्षकों के अतिरिक्त सभी प्रवेशन पाठ्यक्रम के लिए दो बैच होंगे ।

बैच I- सीधी भर्ती के माध्यम से नियुक्त शिक्षकों के लिए
बैच II- सीमित विभागीय परीक्षा के माध्यम से भर्ती किए गए शिक्षकों के लिए

आंचलिक प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थानों द्वारा शिक्षकों के लिए एकरूपता और मानकीकरण के लिए तैयार एक सामान्य पाठ्यक्रम डिजाइन सभी क्षेत्रीय कार्यालयों और आंचलिक प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थानों को दिया गया है। पाठ्यक्रम डिज़ाइन क्रमबद्ध तरीके से 6 दिनों के लिए प्रत्यक्ष रूप में तथा 4 दिनों के लिए ऑनलाइन संचालित कराने हेतु तैयार किया गया है। क्षेत्रीय कार्यालय और आंचलिक प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान पाठ्यक्रम डिजाइन को 5 दिनों (प्रत्यक्ष रूप में) +2 दिनों (ऑनलाइन, क्रमबद्ध तरीके से) के लिए अपना सकते

हैं। इन पाठ्यक्रमों को चार महीने की समयावधि में, अर्थात अप्रैल 2024 से जुलाई 2024 तक पूरा किया जाना चाहिए।

बैच-1: सीधी भर्ती

सभी प्रवेशन पाठ्यक्रम (5-दिवसीय अभियान और 2-दिवसीय वर्चुअल मोड) का प्राथमिक उद्देश्य नव नियुक्त शिक्षकों को केंद्रीय विद्यालय संगठन (केविसं) प्रणाली, इसके लोकाचार, शिक्षण पद्धति की समग्र समझ प्रदान करने के साथ –साथ उन्हें अपनी भूमिकाओं में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए आवश्यक कौशल और ज्ञान से युक्त करना है । इस पाठ्यक्रम का उद्देश्य अपनेपन की भावना को बढ़ावा देना, शिक्षकों का एक समुदाय बनाना और केविसं में शिक्षण की समग्र गुणवत्ता को बढ़ाना है।

बैच 2: सीमित विभागीय परीक्षा के माध्यम से भर्ती

शिक्षक जो प्राथमिक शिक्षक से प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक और प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक से स्नातकोत्तर शिक्षक पदोन्नत हुए है की ऊर्ध्वाधर गतिशीलता तभी प्रमाणित होगी जब पदोन्नत शिक्षक अपनी नई भूमिकाओं से परिचित होंगे। कक्षा VI से कक्षा –X में अपनाई गई शैक्षणिक रणनीतियाँ कक्षा I से कक्षा V में भिन्न होती हैं और से कक्षा XI एवं कक्षा XII में पद्धति कक्षा VI से कक्षा X की कक्षाओं से भिन्न होती हैं। इसलिए, सीमित विभागीय परीक्षा के माध्यम से भर्ती किए गए इन शिक्षकों को भूले को पुनः स्मरण करवाने सीखाने और पुनः सीखने के लिए 10-दिवसीय प्रवेशन पाठ्यक्रम - (5/6-दिन प्रत्यक्ष रूप में और 5/4-दिन वर्चुअल मोड) प्रस्तावित है।

अपेक्षित परिणाम: प्रवेशन पाठ्यक्रम पूरा करने के बाद, शिक्षक:

- शैक्षिक नीतियों और प्रक्रियाओं को समझेंगे ।
- नीति कार्यान्वयन में पारंगत होंगें।
- कक्षा प्रबंधन में प्रभावी होंगें |
- कक्षाओं में समावेशी शैक्षणिक रणनीतियों को अपनाएंगें ।
- विद्यार्थियों के मूल्यांकन और निगरानी में उत्कृष्ट होंगें ।
- मास्टर डेटा विश्लेषण और रिपोर्टिंग करेंगें ।
- हितधारक जुड़ाव को बढ़ावा देने में सक्षम हो सकेंगे।

व्यय: केविसं - मानदंडों के अनुसार

हम शिक्षकों के लिए एक सफल प्रेरक सह- क्षमता निर्माण पाठ्यक्रम की आशा करते हैं जो उन्हें केविसं में अधिक प्रभावी तरीके से उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के निर्वहन के लिए तैयार करेगा।

क्षेत्रीय कार्यालय/ आंचलिक प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान (स्थलों) को प्रतिभागियों को एक औपचारिक पत्र भेजना चाहिए जिसमें सभी आवश्यक जानकारियाँ उल्लिखित हो।

2024-चुनाव और प्रवेशन पाठ्यक्रम

प्रवेशन पाठ्यक्रम का कार्यक्रम निर्धारित करते समय 2024- चुनाव के लिए आदर्श आचार संहिता का पालन किया जाना चाहिए। प्रवेशन पाठ्यक्रमों का आयोजन करते समय चुनाव कर्तव्यों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। प्रवेशन पाठ्यक्रम की तिथियाँ प्रतिभागियों की चुनाव ड्यूटी से भिन्न होनी चाहिए।

हिंदी अनुवाद में किसी भी प्रकार की विसंगति होने पर अंग्रेजी संस्करण मान्य होगा ।

भवदीया

16/04/2024

चंदना मंडल

संयुक्त आयुक्त (प्रशिक्षण)

प्रतिलिपि: 1 . संयुक्त आयुक्त (शैक्षणिक), केविसं मुख्यालय, नई दिल्ली के निजी सहायक

2. संयुक्त आयुक्त (कार्मिक), केविसं मुख्यालय, नई दिल्ली के निजी सहायक

3. गार्ड फ़ाइल